ो ओ ॊ ऒ	े ए ॅ ऍ	्	ि इ	ु उ	प फ	र ऱ ऱ ऱ	क ख क्ष	त थ त्र

Z	X	C	V	B	N	M
ट ठ ड ढ	म ण	न ।	व ं ़ ः	ल ळ	स श श्र	य ष य़ ँ

कीपैड का उपयोग करते हुए पाठ इनपुट मोड

जब आप पाठ दर्ज करना चाहते हैं, उदाहरण के लिए, संदेश लिखते समय, तो कीपैड डिफ़ॉल्ट रूप से Abc मोड पर होगा. यदि आप कोई नंबर दर्ज कर रहे हैं, उदाहरण के लिए कोई कॉल करते समय तो कीपैड नंबर कुंजियाँ डिफॉल्ट रूप से नंबर मोड पर होंगी. मोड को बदलने के लिए संपादक स्क्रीन में Fn कुंजी दबाएँ.

अपने संदेशों को प्रबंधित करना

1 मेनू दबाएँ, संदेश का चयन करें और संदेश चुनें.

2 विकल्प का चयन करें और फिर चुनें:

उत्तर दें – चयनित संदेश को उत्तर भेजें.

संदेश लिखें – एक नया संदेश लिखें इस पर ध्यान दिए बिना कि किसने आपको संदेश भेजा.

कॉल – उस व्यक्ति को कॉल करें, जिसने आपको संदेश भेजा है.

नंबर रक्षित करें – संदेश का नंबर सहेजें.

हटाएँ – चयनित संदेश हटाएँ.

प्रारूप – यदि किसी संदेश को पूर्ण लिखने के लिए आपके पास प्रयाप्त समय नहीं है, तो आप अभी तक लिखे गए संदेश को यहाँ सहेज सकते हैं.

आउटबॉक्स – जब संदेश भेजे जा रहे हों, तो यह उपयोग किए जाने के लिए एक अस्थायी संग्रहण फ़ोल्डर होता है.

मेरे फ़ोल्डर्स – आप इनबॉक्स या भेजे के संदेशों को मेरे फ़ोल्डर्स में ले जा सकते हैं. साथ ही आप मेरे फ़ोल्डर्स के उन संदेशों को मूल संदेश बॉक्स में भेज सकते हैं.

टेम्पलेट्स – पहले से लिखे गए उपयोगी संदेशों की सूची, त्वरित उत्तर के लिए उपयोगी.

भावनाएं – आप एक नया इमोटीकॉन जोड़ सकते हैं या इसे संपादित कर सकते हैं. आप अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर इसे हटा भी सकते हैं.

सेटिंग्स – यह मेनू आपको अपने नेटवर्क सेवा प्रदाता की सुविधाएँ सेट करने की अनुमति देता है.

संदेश

संदेश दृश्य – वार्तालाप दृश्य या मानक दृश्य में से चुनें. डिफ़ॉल्ट रूप से वार्तालाप दृश्य प्रदर्शित होता है. जब आप वार्तालाप में एक संदेश खोलते हैं, तब अपनी सभी संबंधित संदेश कार्ड के डेक की तरह सफ़ाई से स्टैक किया जाएगा. आप इस सेटिंग को संदेश दृश्य मेनू का उपयोग कर मानक दृश्य में बदल सकते हैं. ऐसा करने के लिए, संदेश > सेटिंग्स > संदेश दृश्य पर जाएँ.

पाठय संदेश – आप पाठ संदेश संबंधित विकल्पों को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं.

मल्टीमीडिया संदेश – आप मल्टीमीडिया संदेश संबंधित विकल्पों को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं.

स्पैम संदेश – आप स्पैम के रूप में सेट किए गए संदेश का संग्रहण कर सकते हैं.

वॉइस मेल – एक नई वॉयसमेल सेवा जोड़ें. आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवा पर अधिक जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें.

सेवा संदेश – सेवा संदेशों को प्राप्त करने या ब्लॉक करने का चयन करें. विश्वस्त और अविश्वस्त प्रेषकों को सूची बनाकर आप अपनी संदेश सुरक्षा को भी सेट कर सकते हैं.

भेजे गए संदेश सहजे – आप अपने द्वारा भेजे गए संदेशों को सहेजने का चयन कर सकते हैं.

संदेश काउंटर – आप इच्छित समयावधि के अंदर भेजे गए संदेशों की मात्रा जाँच सकते हैं.

सूचना सेवा – अपने जानकारी संदेशों के लिए रिसेप्शन स्थिति, चौनल्स और भाषा चुनें.

यदि आप यह संदेश देखते हैं, सिम संदेश के लिए कोई स्थान नहीं, तो स्थान बनाने के लिए आपको अपने इनबॉक्स से कुछ संदेशों को हटा देना चाहिए.

यदि आप यह संदेश देखते हैं, संदेशों के लिए कोई स्थान नहीं, तो आप अधिक स्थान बनाने के लिए या तो संदेशों या सहेजी गई फ़ाइल्स को हटा सकते हैं.

युक्ति! प्राप्त संदेश देखते समय, विकल्प दबाएँ और त्वरित उत्तर का चयन करें. यह उपयोगी है यदि आपको मीटिंग के दौरान किसी संदेश का उत्तर देने की आवश्यकता है.

युक्ति! जब आप संदेश देखते हैं, विकल्प दबाएँ और एक्सट्रैक्ट का चयन करें. आप चयनित संदेश से जानकारी एक्सट्रैक्ट कर सकते हैं जैसे कि नंबर, ईमेल पता या वेब पता.

संगीत

MP3 प्लेयर

आपके LG-C375 में एक अंतर्निहित संगीत प्लेयर है, अतः आप अपने सभी पसंदीदा संगीत चला सकते हैं.

नोट:
- संगीत प्लेयर का उपयोग करने से पहले, आपको अपने फ़ोन पर संगीत फ़ाइलें ट्रांस्फ़र करने की आवश्यकता होगी.
- संगीत प्लेयर निम्न अनुसार कोडेक प्रकारों का समर्थन करता हैरू MP3, WMA, AAC. यह आवश्यक नहीं की संगीत प्लेयर फ़ाइल स्वरूपों की सभी सुविधाओं और संस्करणों का समर्थन करे.

संगीत प्लेयर तक पहुँच प्राप्त करने के लिए, मेनू दबाएँ और संगीत का चयन करें और MP3 प्लेयर का चयन करें. यहाँ से आप इन तक पहुँच सकते हैं:

हाल ही में चलाया गया – हाल में चलाए गए सभी गीत देखें.

सभी गाने – इसमें वे सभी गीत होते हैं जो आपके फ़ोन पर हैं.

कलाकार – आपको कलाकार अनुसार सॉर्ट की गई सभी ट्रैक्स देखने की अनुमति देता है.

एल्बम्स – आपको एल्बम अनुसार सॉर्ट की गई सभी ट्रैक्स देखने की अनुमति देता है.

विद्या – आपको शैली अनुसार सॉर्ट की गई सभी ट्रैक्स देखने की अनुमति देता है.

प्लेलिस्ट – आपके द्वारा बनाई गयी सभी प्लेलिस्ट शामिल होती हैं.

सभी गीत शफ़ल करें – आपको सभी गीतों को आकस्मिक क्रम में चलाने की अनुमति देता है.

अपने फ़ोन पर संगीत स्थानांतरित करना

अपने फ़ोन पर संगीत स्थानांतरित करने का सबसे आसान तरीका ब्लूटूथ या सिंक केबल के माध्यम से है.

ब्लूटूथ का उपयोग करते हुए संगीत स्थानांतरित करने के लिए:

1 सुनिश्चित करें कि दोनों डिवाइसेज़ में ब्लूटूथ चालू है और एक दूसरे को दृश्यमान है.

2 अन्य डिवाइस पर संगीत फ़ाइल का चयन करें और उसे ब्लूटूथ के माध्यम से भेजना चुनें.

3 जब फ़ाइल भेजी गई है, तो आपको हाँ का चयन करते हुए इसे स्वीकार करना चाहिए.

4 फ़ाइल को सभी गीतों में प्रकट होना चाहिए.

संगीत

कोई गीत चलाना

1 मेनू दबाएँ और संगीत का चयन करें, फिर MP3 प्लेयर चुनें.

2 सभी गीतों का चयन करें और फिर इच्छित गाना चुनें. का चयन करें.

3 गीत रोकने के लिए का चयन करें.

4 अगले गीत को छोड़ने के लिए ▶▶| का चयन करें.

5 पिछले गीत को छोड़ने के लिए |◀◀ का चयन करें.

युक्ति! संगीत सुनते समय वॉल्यूम बदलने के लिए, आपके फ़ोन के बाईं ओर वॉल्यूम कुंजियों का उपयोग करें.

नोट:
संगीत फ़ाइलों का कॉपीराइट अंतर्राष्ट्रीय संधियों और राष्ट्रीय कॉपीराइट कानूनों में संरक्षित किया जा सकता है. इसलिए, संगीत को पुनर्प्रस्तुत करने या उसकी कॉपी बनाने के लिए अनुमति या लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य हो सकता है.

कुछ देशों में राष्ट्रीय कानून कॉपीराइट की गई सामग्रियों की निजी कॉपी बनाने से प्रतिबंधित करता है. फ़ाइल को कॉपी या डाउनलोड करने से पहले, कृपया ऐसी सामग्री के उपयोग के संदर्भ में लागू होने वाले देश का राष्ट्रीय कानून जाँचें.

संगीत चलाते समय विकल्प उपयोग करना

विकल्प का चयन करें और निम्न में से चुनें:

छोटा करें – संगीत प्लेयर स्क्रीन को छुपा दें ताकि आप संगीत के चलते समय अपने फ़ोन का सामान्य रूप से उपयोग करना जारी रख सकें.

दोहराएँ – आप संगीत को दोहराते हुए सुन सकते हैं.

शफल चालू – आपके ट्रैक्स को आकस्मिक क्रम में चलाता है.

ईक्वेलाइजर – आप स्क्रीन पर ईक्वेलाइजर को देख सकते हैं.

सूचि में जोड़ें – वर्तमान ट्रैक को प्लेलिस्ट में जोड़ता है.

ऐसे सेट करें – गीत का उपयोग रिंगटोन, संदेश के रूप में करें.

से भेजें – गीत को संदेश, ईमेल या ब्लूटूथ के माध्यम से भेजें.

फ़ाइल जानकारी – आप उस संगीत फ़ाइल के बारे में जानकारी देख सकते हैं, जिसे आप सुन रहे हैं.

FM रेडियो

FM रेडियो का उपयोग करना

आपके LG-C375 में एक वायरलेस FM रेडियो सुविधा है ताकि आप कभी भी अपने मनपसंद रेडियो स्टेशन को ट्यून करके सुन सकें.

रेडियो सुनना

1 मेनू दबाएँ, संगीत का चयन करें और FM रेडियो चुनें.

2 उस स्टेशन के चौनल नंबर का चयन करें, जिसे आप सुनना चाहते हैं.

स्टेशन खोजना

आप या तो मैन्युअल रूप से या स्वचालित रूप से रेडियो स्टेशन की खोज करके, अपने फ़ोन को रेडियो स्टेशन्स पर ट्यून कर सकते हैं.
वे फिर विशिष्ट चौनल नंबर पर सहेजे जाएँगे, इसलिए आपको पुनरू ट्यून नहीं रखना पड़ता.

स्वत - स्कैन करने के लिए:

1 मेनू दबाएँ और संगीत का चयन करें.

2 FM रेडियो का चयन करें विकल्प चुनें.

3 स्वत - स्कैन का चयन करें.
पुष्टिकरण संदेश दिखाई देता है. चयन करने के लिए ठीक कुंजी दबाएँ, फिर स्टेशंस स्वचालित रूप से ढूँढे जाएँगे और आपके फ़ोन में किसी चौनल को आवंटित कर दिए जाएँगे.

नोट: आप स्क्रीन के मध्य में प्रदर्शित (और) का उपयोग करते हुए किसी स्टेशन में मैन्युअल रूप से भी ट्यून कर सकते हैं.

रेडियो से रिकॉर्ड करना

1 रेडियो सुनते समय रिकॉर्ड दबाएँ.

2 रिकॉर्डिंग समय आपके फ़ोन पर प्रदर्शित होता है.

यदि आप रिकॉर्डिंग रोकना चाहते हैं, तो रोकें कुँजी दबाएँ. रिकॉर्डिंग पूरी होने पर, रिकॉर्ड की गई सामग्री मेरी चीज़ें –> ध्वनि में mp3 फ़ाइल के रूप में सहेजी जाएँगी.

रेडियो की पूर्व–रिकॉर्डिंग करना

1 विकल्प दबाएँ और रिकॉर्डिंग सेटिंग्स का चयन करें.

2 पूर्व–रिकॉर्डिंग टैप पर 3/10/30 सेकेंड पहले चुनें.

नोट: इस सुविधा के कुछ अपवाद हैं.

ई–मेल

अपने नए खाते का उपयोग करते हुए ईमेल भेजना

ईमेल भेजने/प्राप्त करने के लिए, आपको ईमेल खाता सेट करना होगा.

1 मेनू दबाएँ, ई–मेल का चयन करें और उपयोग करने के लिए इच्छित खाता चुनें.

2 विकल्प से ई–मेल लिखें चुनें और एक नई ईमेल विंडो खुलेगी.

3 इन्हें फ़ील्ड में पता दर्ज करें फिर एक विषय पंक्ति लिखें और नेवगेशन कुंजी दबाएँ.

4 कीपैड के उपयोग द्वारा अपना संदेश लिखें फिर ईमेल भेजने के लिए भेजें दबाएँ.

अपने ईमेल की पुनः प्राप्ति

1 मेनू दबाएँ और ई–मेल का चयन करें.

2 आपके द्वारा उपयोग किए जाने के लिए इच्छित खाते का चयन करें.

3 इनबॉक्स का चयन करें.

4 ताज़ा करें चुनें और फ़ोन आपके ईमेल खाते से कनेक्ट किया जाएगा और आपके नए संदेशों को प्राप्त करेगा.

संदेश फ़ोल्डर

मेनू दबाएँ और ई–मेल का चयन करें. आपके LG-C375 पर उपयोग की गई फ़ोल्डर संरचना स्वतः विवरणात्मक होनी चाहिए.

ई–मेल लिखें – अपना नया संदेश लिखें.

इनबॉक्स – आपको प्राप्त सभी ई–मेल आपके इनबॉक्स में स्थित होते हैं. यहाँ से आप उत्तर दे सकते हैं, अग्रेषित कर सकते हैं और भी अधिक कर सकते हैं.

प्रारूप – यदि किसी ई–मेल को पूर्ण लिखने के लिए आपके पास प्रयाप्त समय नहीं है, तो आप अभी तक लिखे गए संदेश को यहाँ सहेज सकते हैं.

आउटबॉक्स – यह ई–मेल भेजे जाते समय एक अस्थायी संग्रहण फ़ोल्डर है या भेजे जाने में विफ़ल संदेशों को संग्रहीत करता है.

प्रेषित – आपके द्वारा भेजे गए सभी ई–मेल की कॉपी आपके प्रेषित फ़ोल्डर में रखी जाती हैं.

फ़ोन ट्रैश – आपके द्वारा निकाले गए सभी ई–मेल आपके फ़ोन ट्रैश में रखे जाते हैं.

अपनी ईमेल सेटिंग्स बदलना

1 मेनू दबाएँ, ई–मेल > विकल्प > मेलबॉक्स > खाते चुनें.

2 आपके द्वारा उपयोग किए जाने के लिए इच्छित खाते का चयन करें.

3 विकल्प और फिर विकल्प में से सेटिंग्स का चयन करें तब आप निम्न सेटिंग्स अनुकूलित कर सकते हैं:

खाते – आप ई–मेल खाता सेटिंग्स संपादित कर सकते हैं.

आवृत्ति – चुनें कि आपका LG-C375 कितनी बार नए ईमेल संदेशों के लिए जाँचें.

शेड्यूल – वह समयावधि चुनें जिस दौरान पुश ईमेल सक्रिय होगा.

सूचना – चुनें कि नए ईमेल के लिए सूचना दी जानी है या नहीं.

डिफ़ॉल्ट खाता – चुनें कि डिफ़ॉल्ट रूप से कौन सा खाता ई–मेल लिखे.

हस्ताक्षर – एक ईमेल हस्ताक्षर बनाएँ और इस सुविधा को चालू करें.

फोन पुस्तिका

संपर्क के लिए खोजना

1 मेनू दबाएँ और फोन पुस्तिका का चयन करें.

2 कीपैड का उपयोग करते हुए उस संपर्क के नाम का पहला अक्षर टाइप करें जिसे आप कॉल करना चाहते हैं.

3 संपर्कों और उनके भिन्न नंबर्स के अंतर्गत स्क्रॉल करने के लिए नेविगेशन कुंजियों का उपयोग करें.

या, थोड़ा–सी त्वरित पद्धति का उपयोग करना...

1 होम स्क्रीन पर वह नंबर दर्ज करें जिसकी आप खोज करना चाहते हैं और विकल्प का चयन करें.

2 विकल्प मेनू में संपर्क खोजें चुनें.

नया संपर्क जोड़ना

1 मेनू दबाएँ और फोन पुस्तिका का चयन करें.

2 विकल्पों दबाएँ और नया संपर्क का चयन करें.

3 प्रदान किए गए फ़ील्ड्स में इच्छित जानकारी दर्ज करें और पूर्ण का चयन करें.

संपर्क विकल्प

ऐसी अनेक चीजें हैं जो आप एक संपर्क देखते हुए कर सकते हैं. यहाँ बताया गया है कि विकल्प मेनू तक कैसे पहुँचें और उपयोग करें.

1 मेनू दबाएँ और फ़ोनबुक का चयन करें.

2 विकर्लपों की सूची खालेने के लिए विकल्प का चयन करें. यहाँ से आप यह कर सकते हैं:

संदेश भेजें – संपर्क को एक संदेश भेजें.

कॉल द्वारा – आपके द्वारा चुने जाने वाले संपर्क को सीधे ही वॉयस कॉल करें.

संम्पर्क भेजें – किसी भी संपर्क का विवरण परिवर्तित करें.

हटाएँ – संपर्क हटाएँ. यदि आप निश्चित हैं तो हाँ का चयन करें.

नया संपर्क – एक नया संपर्क जोड़ें.

संग्रहण स्थान – फ़ोन या सिम कार्ड पर ले जाने या कॉपी करने के लिए चुनें (इस आधार पर कि आपने वास्तविक रूप से संपर्क को कहाँ सहेजा था).

संपर्क भेजें – संपर्क के विवरण एक व्यावसायिक कार्ड के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को भेजें. पाठ संदेश , MMS, ई–मेल या ब्लूटूथ के माध्यम से भेजना चुनें.

चयन मोड – चुनें कि क्या किसी संपर्क को चिह्नित करना है या चिह्नित करना रद्द करना है.

शीघ्र डायल्स – आप बारबार कॉल किए जाने वाले किसी संपर्क को एक शीघ्र डायल नंबर असाइन कर सकते हैं.

इस आधार पर सॉर्ट करें – किसी संपर्क को ABC↑ या ABC↓ द्वारा सॉर्ट करें.

समूह बनाना

1 मेनू दबाएँ और फ़ोनबुक का चयन करें.

2 समूह का चयन करें और विकल्प चुनें.

3 नया समूह का चयन करें.

4 अपने नए समूह के लिए नाम दर्ज करें.

5 पूर्ण दबाएँ.

नोट: यदि आप कोई समूह हटाते हैं, तो वे संपर्क जो उस समूह को असाइन किए गए थे, नहीं खोएंगे. वे आपके संपर्कों में ही रहेंगे.

अपनी संपर्क सेटिंग्स को बदलना

1 मेनू दबाएँ और फ़ोनबुक का चयन करें.

2 विकल्पों की सूची खालेने के लिए विकल्प का चयन करें. यहाँ से आप निम्नलिखित सेटिंग्स को समायोजित कर सकते हैं:

नाम दर्शाएँ – आप पहले प्रथम नाम या पहले अंतिम नाम, प्रथम नाम दिखाने के लिए चयन कर सकते हैं.

मुख्य स्टोर और दृश्य – चुनें कि संपर्कों का संग्रहण सिम1 या सिम2 या हैंडसेट पर किया जाए. और साथ ही चुनें कि क्या वे संपर्क दिखाने हैं जो कि हैंडसेट और सिम दोनों पर, केवल हैंडसेट या केवल सिम1 या केवल सिम2 पर सहेजे गए हैं.

सभी की प्रतिलिपि बनाएँ – अपने सिम1 या सिम2 से अपने सभी संपर्कों को अपने हैंडसेट पर या अपने हैंडसेट से अपने सिम1 या सिम2 पर या सिम1 से सिम2 पर या सिम2 से सिम1 पर कॉपी करें.

सब स्थानांतरित करें – यह सभी कॉपी करें के समान ही कार्य करता है, लेकिन संपर्क वहीँ पर सहेजा जाएगा जहाँ आपने उसे ले जाने का चयन किया है. यदि आप किसी संपर्क को सिम कार्ड से हैंडसेट पर भेजते हैं, तो वह सिम मेमोरी से हटा दिया जाएगा.

फोन पुस्तिका

निर्यात संपक – आप हैंडसेट के सभी फ़ोनबुक डेटा को Vकार्ड के रूप में किसी बाहरी मेमोरी कार्ड पर सहेज सकते हैं.

संपर्क आयात करें – आप बाहरी मेमोरी कार्ड के सभी फ़ोनबुक डेटा को Vकार्ड के रूप में फ़ोन मेमोरी पर पुनर्स्थापित कर सकते हैं.

ब्लूटूथ द्वारा सभी सपंर्क भेजें – सभी संपर्क जानकारी को ब्लूटूथ के माध्यम से किसी अन्य हैंडसेट पर भेजें.

उपकरण

त्वरित मेनू

जोड़ें दबाएँ और उस मेनू को चुनें जिस तक आप त्वरित रूप से जाना चाहते हैं.

आयोजक

आप कैलेंडर, कार्य, मेमो तक पहुँच कर सकते हैं और लक्ष्य दिनांक प्राप्त करने के लिए गणना तारीक्ष चुन सकते हैं

सुझाब: उपयोगकर्ता कोई SMS शेड्यूल कर सकते है, ताकि विकल्प सूची से यह सेट की गई दिनांक और सेट किए गए समय पर पहले से निर्धारित नंबर भेजा जा सके ।

मेनू > उपकरण > आयोजक > कैलेंडरं > विकल्प > नया सूची SMS चयन करके शेडयूल सन्देश भेज सकते हैं।

अलार्म घड़ी

आप स्नूज़ अंतराल को 5, 10, 20, 30 मिनट, 1 घंटा या बंद पर सेट कर सकते हैं.

कैलकुलेटर

1 इनपुट संख्याओं के लिए सांख्यायिक कुंजियों को दबाएँ.

2 सामान्य परिकलन के लिए, = के बाद नेविगेशन कुंजियों का उपयोग करके आवश्यक (+, –, ×, ÷) फ़ंक्शन का उपयोग करें.

3 जटिल परिकलनों के लिए, आदेश को चुनने के लिए विकल्प का चयन करें.

4 स्क्रीन साफ़ करने के लिए – का चयन करें और नया परिकलन प्रारंभ करें.

वॉइस रिकॉर्डर

वॉइस मेमो या अन्य ध्वनियाँ रिकॉर्ड करने के लिए अपने वॉइस रिकॉर्डर का उपयोग करें. आपके द्वारा रिकॉर्डिंग पूर्ण करने के बाद, चलाने, भेजने आदि के लिए विकल्प का चयन करें.

आपके वॉइस मेमो को रिकॉर्ड करना

1 रिकॉर्डिंग शुरू करने के लिए रिकॉर्ड दबाएँ.

2 रिकॉर्डिंग बंद करने के लिए रोकें चुनें.

3 विकल्प का चयन करें और रिकॉर्डिंग को सुनने के लिए ध्वनियों पर जाएँ का चयन करें.

स्टॉपवॉच का उपयोग करना

1 टाइमर शुरू करने के लिए प्रारंभ का चयन करें.

2 यदि आप लैप समय रिकॉर्ड करना चाहते हैं तो लैप चुनें. 99 लैप समय तक सहेजे जा सकते हैं.

3 टाइमर को रोकने के लिए रोकें का चयन करें.

4 जिस समय आपने स्टॉपवॉच को रोका है उसी समय से शुरू करने के लिए जारी रखें चुनें या फिर शून्य पर जाने के लिए रीसेट करें चुनें.

इकाई परिवर्तक

चुनें कि क्या आप मुद्रा, क्षेत्र, लंबाई, भार, तापमान, वॉल्यूम या गति को कनवर्ट करना चाहेंगे.

नोट: मुद्रा कनवर्ट करने के लिए, आपको पहले वर्तमान विनिमय दर के अनुसार दर को सेट करने की आवश्यकता होगी.

अपनी विश्व घड़ी में कोई शहर जोड़ना

1 मेनू दबाएँ और उपकरण का चयन करें, फिर विश्व घड़ी चुनें.

2 किसी विशिष्ट शहर का समय जोड़ने या पता लगाने के लिए, विकल्प दबाएँ और नया शहर का चयन करें.

सेटिंग्स

डुअल सिम

आप संपर्क, कॉल लॉग्स और संदेश बॉक्स में कॉल या संदेश के लिए डिफ़ॉल्ट सिम का चयन कर सकते हैं.

प्रोफ़ाइल्स

वह प्रोफ़ाइल चुनें, जिसे आप संपादित करना चाहते हैं.

फ्लाइट मोड का उपयोग करना – फ्लाइट मोड आपको कॉल करने, इंटरनेट से कनेक्ट करने या संदेश भेजने की अनुमति नहीं देगा.

यंत्र

नीचे दी गई सूची में से चुनें.

दिनांक और समय – स्वतः अपडेट चालू का चयन करें और फ़ोन स्वचालित रूप से दिनांक और समय अपडेट करेगा.

बैट्री स्थिति – फ़ैक्टरी सेट ऊर्जा बचत सेटिंग्स स्विच करने के लिए चालू या बंद चुनें.

भाषाएं – अपने LG-C375 के डिसप्ले की भाषा परिवर्तित करें.

स्वत: की लॉक – कीपैड को स्टैंडबाय स्क्रीन में स्वचालित रूप से लॉक करता है.

सुरक्षा – अपना LG-C375 और इसके द्वारा रखी जाने वाली सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए अपनी सुरक्षा सेटिंग्स परिवर्तित करें.

- **अनुप्रयोग लॉक** – फोन के अनुप्रयोग का अनअधिकृत इस्तमाल रोकने के लीए, अनुप्रयोग लॉक सक्रिय कर सकते है. एक बार अनुप्रयोग लॉक सक्रिय होने पर सिर्फ पासवर्ड से हीं अनुप्रयोग मैं प्रवेश कर सकते हैं. डिफॉल्ट पासवर्ड 0000 हैं ।
- **एंटी–थेफ्ट मोबाइल ट्रैकर** – हैंडसेट चोरी हो जाने पर, हैंडसेट वास्तविक स्वामि द्वारा कॉन्फ़िगर किए गए नंबर्स पर SMS भेजता है. ATMT सुविधा सक्रिय करने के लिए, आपको ATMT को चालू पर सेट करने और ATMT सेटिंग्स को स्वामी के नाम और वैकल्पिक नंबर्स के साथ कॉन्फ़िगर करने की आवश्यकता होगी. डिफ़ॉल्ट ATMT कोड "0000" है.

संकट संदेश सेवा

- **संकट संदेश सेवा** – यह SOS मोड सक्षम करता है. सक्षम करने के बाद निष्क्रिय स्क्रीन में यदि आप 9 कुंजी को देर तक दबाते हैं, तो SOS संदेश भेजा जाता है और फ़ोन SOS मोड में रेहता हैं ।
- **संदेश** – आपातकालीन स्थिति में, SOS मोड में बदलने के लिए '9' दबाकर रखें. मोड में, असाइन किए गए प्राप्तकर्ताओं को SOS संदेश भेजा जाता है और उनके इनकमिंग कॉल स्वचालित रूप से स्वीकार किए जाते हैं. सभी सूचना ध्वनि म्यूट किए

जाएंगे. SOS मोड से बाहर निकलने के लिए, होम स्क्रीन में समाप्ति कुंजी दबाएँ.

- **ग्रहक सूची** – प्राप्तकर्ता के सूची जिसे संदेश भेज दी गई है और SOS मोड के दौरान, फ़ोन केवल इन नंबर से ही कॉल्स स्वीकार करेंगे ।
- **मदद** – SOS मोड के बारे में अन्य विवरण यहाँ उल्लेख किया हैं।

मेमोरी की जानकारी – आपके LG-C375 में तीन मेमोरी उपलब्ध हैंरू फ़ोन, सिम कार्ड और बाहरी मेमोरी कार्ड (आपको अलग से मेमोरी कार्ड खरीदने की आवश्यकता हो सकती है). आप यह निर्धारित करने के लिए मेमोरी प्रबंधक का उपयोग कर सकते हैं कि कितनी मेमोरी उपयोग हो चुकी है और कितनी रिक्ति उपलब्ध है.

प्राथमिक संग्रह सेटिंग – यदि आप अपने फ़ोन में कोई बाहरी मेमोरी कार्ड डालते हैं, तो आप प्राथमिक संग्रहण सेटिंग्स का भी चयन कर सकते हैं फिर वह डिफ़ॉल्ट स्थान चुनें जहाँ आप आइटम्स का संग्रहण किया जाना चाहेंगे.

डिवाइस रीसट करें – सभी सेटिंग्स को उनकी फ़ैक्टरी परिभाषाओं पर रीसेट करें. यह फ़ंक्शन सक्रिय करने के लिए आपको सुरक्षा कोड की आवश्यकता होगी.

यंत्र जानकारी – अपने LG-C375 के लिए तकनीकी जानकारी देखें.

प्रदर्शन

नीचे दी गई सूची में से चुनें.

होम स्क्रीन – वॉलपेपर, विजेट सेटिंग्स और मुख्य असाइनमेंट्स समायोजित करें.

मेनू स्टाईल – मेनू दृश्य को सूची स्टाईल या ग्रिड दृश्य से परिवर्तित करें.

फ़ॉन्ट – फ़ॉन्ट आकार को समायोजित करें.

बैकलाईट – चुनें कि बैकलाइट कब तक चालू रहेगी. साथ ही, मुख्य स्क्रीन की चमक समायोजित करने के लिए नेविगेशन कुंजियों का उपयोग करें.

> **युक्ति!** जितनी देर तक बैकलाईट चालू रहती है, उतनी ही बैटरी पॉवर का उपयोग होता है और आपको अपने फ़ोन को बार–बार चार्ज करने की आवश्यकता पड़ सकती है.

शुभकामना संदेश – चालू का चयन करने के बाद, आप एक स्वागत संदेश लिख सकते हैं. आप जब भी अपने फ़ोन को प्रारंभ करेंगे, यह संदेश स्क्रीन पर प्रकट होगा.

अन्य स्क्रीन्स – स्टार्ट अप /शट डाउन के लिए छवि चुनें.

कॉल

सिम1 या सिम2 का चयन करें.

यहाँ से आप इसके लिए सेटिंग्स में सुधार कर सकते हैं:

कॉल अंतरण – चुनें कि आपकी कॉल्स डायवर्ट करें या नहीं.

- जब लाइन व्यस्त हो, जब कोई उत्तर न मिले, जब आप पहुँच से बाहर हों, तब चुनें कि क्या सभी कॉल्स को डायवर्ट करना है.
- अपना डायवर्ट नंबर दर्ज करें या अपने डायवर्ट नंबर के लिए ब्राउज़ करने हेतू खोजें का चयन करें.

नोट: कॉल डायवर्ट करने के लिए शुल्क लिए गए हैं. कृपया विवरण के लिए अपने नेटवर्क प्रदाता से संपर्क करें.

> **युक्ति!** सभी कॉल डायवर्ट बंद करने के लिए, कॉलिंग मेनू से कॉल डायवर्ट चुनें फिर विकल्प का चयन करें फिर सभी निष्क्रिय करें का चयन करें.

कॉल रोधन – उन कॉल्स का चयन करें जिन्हें आप रोकना चाहते हैं.

- इनमें से किसी एक या सभी विकल्पों का चयन करें:

  सभी जावक

  बाहर जाने वाले अतंराष्ट्रीय

  गुह देश के अलावा आउटगोइंग अतंराष्ट्रीय

  आनेवाली कॉल

  विदेश में आनेवाली कॉल

- कॉल अवरोधन पासवर्ड दर्ज करें. कृपया इस सेवा के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से जाँचें.

कॉल प्रतीक्षा – कोई कॉल प्रतीक्षा में होने पर सचेत रहें.

सीमित डायल नम्बर – उन नंबर्स की सूची चुनें, जिसे आपके फ़ोन से कॉल किया जा सके. आपको अपने ऑपरेटर से PIN2 कोड की आवश्यकता होगी. सक्रिय होने पर, केवल फ़िक्स्ड डायल सूची के नंबरों को ही आपके फ़ोन से कॉल किया जा सकता है.

कॉल अस्वीकार सेटिंग्स – बंद या चालू का चयन करें और उन सभी कॉल्स को अस्वीकार करना चुनें, जो विशिष्ट समूहों, संपर्कों, अपंजीकृत नंबर्स (जो आपके संपर्कों की सूची में नहीं हैं) या वे जो किसी कॉलर ID के साथ नहीं हैं.

> **नोट**: कॉल अस्वीकार सेटिंग्स खोलने के लिए, एक पासवर्ड की आवश्यकता होती है और डिफ़ॉल्ट पासवर्ड "0000" है.

मेरा नंबर भेजें – चुनें कि किसी व्यक्ति को कॉल करने पर आपका नंबर प्रदर्शित हो या नहीं. (आपके नेटवर्क प्रदाता पर निर्भर करता है.)

ऑटो रीडायल – जब कॉल करने का प्रयास विफल हो जाता है, तो आपको ऑटो रीडायल फ़ंक्शन सेट करने की अनुमति देता है.

मिनट माइंडर – यह निर्धारित करता है कि जब आप फ़ोन पर हों, तो क्या प्रत्येक 1 मिनट के बाद एक टोन बजाई जाए.

नया नंबर सहेजें – इस विकल्प को 'चालू' पर चयनित करने से कॉल समाप्त होने पर वे नंबर्स सहेजे जाएँगे, जो पहले से आपके संपर्क में नहीं हैं.

सामान्य सेटिंग का चयन करें.

यहाँ से आप इसके लिए सेटिंग्स में सुधार कर सकते हैं:

सेल्फ़ कॉल – सेल्फ़ कॉल एक वास्तविक आवक कॉल की नकल करती है. सेल्फ़ कॉल करने के लिए होम स्क्रीन पर '#*#' दबाएँ. यह कोई शुल्क चार्ज नहीं करता है.

पूर्व–रिकॉर्डिंग – आप कॉल की वॉइस को रिकॉर्ड बटन दबाने से कुछ सेकंड्स पहले से रिकॉर्ड कर सकते हैं.

बहाना संदेश – इससे पहले कि आप कोई इनकमिंग कॉल अस्वीकार करें, आप यह बताने के लिए कि आप उत्तर क्यों नहीं दे रहे हैं, "बहाना संदेशों" का उपयोग कर सकते हैं.

ब्लूटूथ उत्तर विधा – चुनें कि वॉल्यूम हेडसेट का उपयोग करते समय, कॉल का उत्तर कैसे दें. हैंड्स–फ्री या हैंडसेट का चयन करें.

संयोजकता

ब्लूटूथ

अपने LG-C375 को ब्लूटूथ उपयोग के लिए सेट अप करें. आप अपनी दृश्यता को अन्य डिवाइसेज़ पर अनुकूलित या अपने फ़ोन से जुड़े डिवाइसेज़ से खोज सकते हैं.

ब्लूटूथ और फिर सेटिंग्स चुनें.

इनमें अपने बदलाव करें:

मेरा डिवाइस दृश्यता – दृश्यमान सेट करें या 1 मिनट के लिए दृश्यमान हो ताकि अन्य डिवाइस आपके फ़ोन को तब खोज सकें जब वे ब्लूटूथ डिवाइस को खोज रहे हों. यदि आप छुपाएँ का चयन करते हैं तो अन्य डिवाइस आपके फ़ोन को खोजने में तब सक्षम नहीं हो पाएँगे जब वे ब्लूटूथ डिवाइस को खोज रहे हों.

मेरे हैंडसेट का नाम – आप अपने फ़ोन को नाम दे सकते हैं या नाम बदल सकते हैं, जैसा कि यह अन्य डिवाइसेज़ पर प्रकट होगा. आपके फ़ोन का नाम अन्य डिवाइसेस पर केवल तभी दिखाया जाएगा कि जब मेरी डिवाइस दृश्यता, दृश्यमान पर सेट होती है.

समर्थित सेवाएँ – आप इस ब्लूटूथ सक्षम फ़ोन से समर्थित डिवाइसेज़ की सूची देख सकते हैं जैसे की हेडसेट्स और हैंड्सफ्री.

मेरा पता – अपने ब्लूटूथ पते की यहाँ जाँच करें.

किसी अन्य ब्लूटूथ डिवाइस से युग्मित करना

अपने LG-C375 और अन्य डिवाइस को युग्मित करने के द्वारा, आप एक पासकोड सुरक्षित कनेक्शन सेट अप कर सकते हैं. इसका अर्थ है कि आप अधिक सुरक्षित तरीके से युग्मित हैं.

1 जाँचे कि आपका ब्लूटूथ सक्रिय और दृश्यमान है. ब्लूटूथ के सेटिंग्स मेनू में मेरी डिवाइस दृश्यता, फिर दृश्यमान का चयन कर आप अपनी दृश्यता को परिवर्तित कर सकते हैं.

2 ब्लूटूथ से, ब्लूटूथ सक्रिय करें चुनें और नया डिवाइस खोजें का चयन करें.

3 आपका LG-C375 डिवाइसेज़ के लिए खोज करेगा. खोज पूर्ण होने पर स्क्रीन पर जोड़ें और ताज़ा करें प्रकट होंगे.

4 आप उस डिवाइस को चुनें जिससे जुड़ना चाहते हैं, जोड़ें का चयन करें और एक पासकोड दर्ज करें और फिर ठीक चुनें.

5 इसके बाद आपका फ़ोन दूसरी डिवाइस से कनेक्ट हो जाएगा, जिसमें आपको वही पासकोड लिखना होगा.

6 अब आपका पासकोड रक्षित ब्लूटूथ कनेक्शन तैयार है.

नोट:

1 LG-C375 को किसी भी ऐसे डिवाइस के साथ युग्मित करें जो कि BT संस्करण 2.0 से ऊपर का समर्थन करता है, फिर पासकोड नहीं पूछा जाता है, क्योंकि पासकोड स्वतः जनरेट किया जाता है.

2 LG-C375 को किसी भी ऐसे डिवाइस के साथ युग्मित करें जो कि कमतर BT संस्करणों जैसे कि 1.2 आदि का समर्थन करता है, फिर पासकोड पूछा जाता है.

ब्लूटूथ का उपयोग करके अपनी फ़ाइलें भेजना और प्राप्त करना

फ़ाइलें भेजने और प्राप्त करने के लिए ब्लूटूथ अच्छा तरीका है क्योंकि किसी भी तार की आवश्यकता नहीं होती है और कनेक्शन त्वरित और आसान है. आप कॉल्स करने और प्राप्त करने के लिए एक ब्लूटूथ हेडसेट से भी कनेक्ट कर सकते हैं. ब्लूटूथ के उपयोग से फ़ाइलें साझा करने के पहले, आपको अपने फ़ोन को दूसरे ब्लूटूथ डिवाइस से जोड़ना होगा.

डिवाइसेज़ युग्मित करने के बारे में जानकारी के लिए, किसी अन्य ब्लूटूथ डिवाइस के साथ युग्मित करना देखें.

ब्लूटूथ को चालू करने के लिए:

1 मेनू दबाएँ और सेटिंग्स का चयन करें. कनेक्टिविटि चुनें फिर ब्लूटूथ का चयन करें.

2 ब्लूटूथ सक्रिय करें का चयन करें.

3 ब्लूटूथ को बंद करने के लिए ब्लूटूथ निष्क्रिय करें का चयन करें.

फ़ाइल भेजने के लिए:

1 उस फ़ाइल को खोलें जिसे आप भेजना चाहते हैं, विशिष्ट रूप से यह कोई फ़ोटो, वीडियो या संगीत फ़ाइल होगी.

2 विकल्प चयनित करें और इसके द्वारा भेजें चुनें फिर ब्लूटूथ का चयन करें.

3 अगर ब्लूटूथ पहले से सक्रिय नहीं है तो इसे चालू करने के लिए हाँ का चयन करें.

4 यदि आपने पहले से ब्लूटूथ डिवाइस युग्मित किया है, तो आपका LG-C375 स्वचालित रूप से अन्य ब्लूटूथ डिवाइसेज़ नहीं खोजेगा. यदि नहीं, तो आपका LG-C375 सीमा के अंतर्गत अन्य ब्लूटूथ सक्षम डिवाइसेज़ के लिए खोज करेगा.

5 वह डिवाइस चुनें जिसे आप फ़ाइल भेजना चाहते हैं और ठीक का चयन करें.

फ़ाइल प्राप्त करने के लिए:

1 फ़ाइलें प्राप्त करने के लिए, आपका ब्लूटूथ सक्रिय और दृश्यमान होना आवश्यक है.

2 आपको प्रेषक की ओर से फ़ाइल स्वीकार करने के लिए एक संदेश द्वारा संकेत मिलेगा. फ़ाइल को प्राप्त करने के लिए हाँ का चयन करें.

युक्ति! आपकी फ़ाइल भेज दी गई है यह सुनिश्चित करने के लिए प्रगति पट्टी पर नज़र रखें.

युक्ति! Bluetooth® संबंद चिह्न और लोगो पर Bluetooth SIG, Inc. का स्वामित्व है और LG Electronics द्वारा इस प्रकार के किसी भी चिह्न का उपयोग लायसेंस के अंतर्गत है. अन्य ट्रेडमार्क और ड्रेड नाम उनके संबंधित स्वामियों के होते हैं.

युक्ति!

1 जब आप ब्लूटूथ हेडसेट का उपयोग करते हैं, तो जब आप वीडियो चलाते हैं तो A2DP और AVRCP प्रोफ़ाइल समर्थित नहीं होते हैं. इसका अर्थ है कि आप ब्लूटूथ हेडसेट का उपयोग करते हुए वीडियो ध्वनि नहीं सुन सकते और वीडियो प्लेयर का नियंत्रण नहीं कर सकते.

2 ब्लूटूथ फ़ाइल हस्तांतरण कुछ चलते हुए अनुप्रयोग के अंतर्गत ब्लॉक कर दिया जाएगा. (कैमरा/कैमकॉर्डर, संगीत प्लेयर, वीडियो प्लेयर, UMS/PCSync)

USB संयोग मोड – आप अपने फ़ोन पर कई कार्यों के लिए USB कनेक्शन मोड का चयन कर सकते हैं.

डेटा नेटवर्क सिम – नेटवर्क तक पहुँच प्राप्त करने के लिए, आप डिफ़ॉल्ट सिम कार्ड का चयन कर सकते हैं.

Wi-Fi

वायरलेस प्रबंधक आपके डिवाइस पर Wi-Fi (वायरलेस LAN) के माध्यम से आपको इंटरनेट कनेक्शंस प्रबंधित करने की अनुमति देता है.

यह फ़ोन को स्थानीय वायरलेस नेटवर्क्स से कनेक्ट करने या इंटरनेट तक वायरलेस पहुँच की अनुमति देता है. Wi-Fi तेज है और ब्लूटूथ वायरलेस तकनीक से अधिक रेंज है और त्वरित ईमेल करने और इंटरनेट ब्रॉउज़ करने के लिए उपयोग किया जा सकता है.

नोट: LG-C375, WEP और WPA-PSK/2 एन्क्रिप्शन का समर्थन करता है, लेकिन EAP या WPS एन्क्रिप्शन का नहीं. यदि आपके Wi-Fi सेवा प्रदाता या नेटवर्क व्यवस्थापक, नेटवर्क सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन सेट करते हैं, तो पॉप अप विंडो में कुंजी भरें. यदि एन्क्रिप्शन सेट नहीं है, तो यह पॉप–अप विंडो दिखाई नहीं देगी. आप अपने Wi-Fi सेवा प्रदाता या नेटवर्क व्यवस्थापक से कुंजी प्राप्त कर सकते हैं.

फ़ोन सॉफ़्टवेयर अपडेट

LG मोबाइल फ़ोन सॉफ़्टवेयर इंटरनेट से अपडेट होता है

इस फ़ंक्शन उपयोग करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहाँ जाएँ http://update.lgmobile.com या http://www.lg.com/common/index.jsp → देश का चयन करें.

यह सुविधा आपको सेवा केंद्र जाए बिना ही आसानी से इंटरनेट द्वारा अपने फ़ोन के सॉफ़्टवेयर को नवीनतम संस्करण से अपडेट करने की अनुमति देती है.

जैसा कि मोबाइल फ़ोन सॉफ़्टवेयर अपडेट को अपडेट प्रक्रिया के लिए उपयोगकर्ता के संपूर्ण ध्यान की आवश्यकता होती है, कृपया आगे बढ़ने से पहले प्रत्येक चरण पर प्रकट होने वाले निर्देशों और नोट्स की जाँच करना सुनिश्चित करें. कृपया ध्यान दें कि नवीनीकरण के दौरान USB डेटा केबल या बैटरी निकालना आपके मोबाइल फ़ोन को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर सकता है.

अपने फ़ोन को अपने PC के साथ सिंक्रनाइज़ करें

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके सभी महत्वपूर्ण विवरण और दिनांक मेल खाएँ, लेकिन साथ ही साथ निशचिंत रहने के लिए अपनी फ़ाइलों का बैकअप रखने हेतू आप अपने फ़ोन को अपने PC के साथ सिंक्रनाइज़ कर सकते हैं.

अपने फ़ोन की जानकारी बैकअप करना और पुनर्स्थापित करना

1 अपने फ़ोन और PC से अपने USB केबल को कनेक्ट करें.

2 अपने फ़ोन के पॉप अप मेनू से PC सुइट का चयन करें और अपने PC में PC सुइट प्रोग्राम चलाएँ.

3 PC सुइट में "फ़ोन बैकअप और पुनर्स्थापना" (उपकरण > फ़ोन बैकअप और पुनर्स्थापना) पर क्लिक करें और बैकअप या पुनर्स्थापना का चयन करें.

4 आप जिस सामग्री को बैकअप या पुनर्स्थापित करना चाहते हैं उसे चिह्नित करें. उस स्थान का चयन करें जहाँ आप जानकारी को बैकअप करना चाहते हैं, या जहाँ से जानकारी को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं. अब बैकअप या पुनर्स्थापना का चयन करें और समाप्त क्लिक करें.

5 आपकी जानकारी बैकअप या पुनर्स्थापित हो जाएगी.

नोट: प्रदान की गई CD का उपयोग करते हुए PC सुइट स्थापित करें और स्थापना मार्गदर्शिका का अनुपालन करें.

अपनी फ़ोन फ़ाइलों को अपने पीसी पर देखना.

1 अपने फ़ोन और PC से अपने USB केबल को कनेक्ट करें.

2 अपने फ़ोन के पॉप अप मेनू से PC सुइट का चयन करें और अपने PC में PC सुइट प्रोग्राम चलाएँ.

3 अपने PC में LG PC सुइट आइकन खोलें जो कि पहले ही से स्थापित है, फ़ोन खोजे जाने के बाद यह स्वचालित रूप से कनेक्ट किया जाएगा.

युक्ति! अपने फ़ोन की सामग्री को अपने PC पर देखने से आपको फ़ाइलों को व्यवस्थित करने, दस्तावेज़ों को संगठित करने और अब जिस सामग्री की आवश्यकता न हो उसे हटाने में मदद मिलती है.

सहायक उपकरण

आपके फ़ोन के लिए विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध हैं. इनका विवरण नीचे दिया गया है.

चार्जर

बैटरी

डेटा केबल

उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

स्टीरियो हेडसेट

CD

नोट

- हमेशा प्रामाणिक LG सहायक उपकरणों का उपयोग करें.
- ऐसा नहीं करने पर आपकी वॉरंटी अमान्य हो सकती है.
- भिन्न क्षेत्रों में सहायक उपकरण भिन्न हो सकते हैं. अधिक पूछताछ के लिए कृपया हमारी क्षेत्रीय सेवा कंपनी या एजेंट से संपर्क करें.

तकनीकी डेटा

परिवेश के तापमान

अधिकतम्: +55°C (डिसचार्जिंग) +45°C (चार्जिंग)

न्यूनतम्: −10°C

Declaration of Conformity

LG Electronics

Suppliers Details

Name

LG Electronics Inc

Address

LG Twin Tower 20,Yeouido-dong, Yeongdeungpo-gu Seoul, Korea 150-721

Product Details

Product Name

GSM 850 / E-GSM 900 / DCS 1800 / PCS 1900 Quad Band Terminal Equipment

Model Name

LG-C375

Trade Name

LG

CE 0168

Applicable Standards Details

R&TTE Directive 1999/5/EC

EN 301 489-01 V1.8.1, EN 301 489-07 V1.3.1, EN 301 489-17 V2.1.1
EN 301 511 V9.0.2
EN 50360:2001/AC:2006, EN 62209-1:2006, EN 62209-2:2010
EN 60950-1:2006+A11:2009
EN300328 V1.7.1

Supplementary Information

The conformity to above standards is verified by the following Notified Body(BABT)

BABT, Forsyth House-Churchfield Road - Walton-on-ThamesSurrey - KT12 2TD , United Kingdom

Notified Body Identification Number : 0168

Declaration

I hereby declare under our sole responsibility that the product mentioned above to which this declaration relates complies with the above mentioned standards, regulation and directives

LG Electronics Inc. – EU Representative
Veluwezoom 15, 1327 AE Almere, The Netherlands

Name	Issued Date
Doo Haeng Lee / Director	18. May. 2011

Signature of representative

समस्या निवारण

यह भाग कुछ ऐसी समस्याएं सूचीबद्ध करता है जिससे आपका सामना अपने फ़ोन का उपयोग करते समय हो सकता है. कुछ समस्याओं में आवश्यकता होती है कि आप अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें, लेकिन अधिकतर समस्याएं जिनका आप सामना करते हैं, उसे स्वयं ही सही करना सरल होता है.

लक्षण	संभावित कारण	संभावित सुधार उपाय
नेटवर्क से कोई कनेक्शन नहीं	सिग्नल कमज़ोर है या आप संवाहक नेटवर्क से बाहर हैं.	किसी खिड़की या खुले स्थान पर ले जाएँ. सेवा प्रदाता कवरेज मैप की जाँच करें.
कोड्स मैच नहीं करते	यदि आप किसी सुरक्षा कोड को बदलना चाहते हैं, तो आपको नया कोड पुनरू दर्ज करके इसकी पुष्टि करनी होगी. जिन दो कोड्स को आपने दर्ज किया है वे मेल नहीं खाते हैं.	अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.
फ़ंक्शन सेट नहीं किए जा सकते	सेवा प्रदाता द्वारा समर्थित नहीं या पंजीकरण आवश्यक है.	अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.
कॉल्स उपलब्ध नहीं	डायलिंग त्रुटि या सेवा सीमाएँ.	डायल किया गया नंबर जाँचें और रिसेप्शन की जाँच करें. अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.
कॉल्स उपलब्ध नहीं	डायलिंग त्रुटि नया सिम कार्ड डाला गया प्रीपेड चार्ज सीमा समाप्त	नया नेटवर्क प्राधिकृत नहीं. नए प्रतिबंधों के लिए जाँच करें. सेवा प्रदाता से संपर्क करें या PIN 2 के साथ सीमा रीसेट करें.
फ़ोन चालू नहीं किया जा सकता	चालूध्बंद कुंजी बहुत थोड़ी देर के लिए दबाई गई. बैटरी चार्ज नहीं है. बैटरी संपर्क गंदे हैं.	कम से कम दो सेकंड के लिए चालू/बंद कुंजी दबाएँ. बैटरी चार्ज करें. डिसप्ले में चार्जिंग सूचक की जांच करें. बैटरी संपर्कों को साफ़ करें.

समस्या निवारण

लक्षण	संभावित कारण	संभावित सुधार उपाय
चार्ज करने में त्रुटि	बैटरी पूर्ण रूप से खाली.	बैटरी चार्ज करें.
	संपर्क समस्या.	फ़ोन के लिए पॉवर पूर्ति और कनेक्शन जाँचें. बैटरी संपर्कों को जाँचें, यदि आवश्यक हो तो उन्हें साफ करें.
	आउट्लेट से बिल्कुल पॉवर नहीं.	भिन्न सॉकेट से प्लग इन करें या वॉल्टेज जाँचें.
	दूषित चार्जर.	अन्य चार्जर से परीक्षण करें.
	गलत चार्जर.	केवल असली LG सहायक सामग्री का उपयोग करें.
	दूषित बैटरी.	बैटरी बदलें.
नेटवर्क कनेक्शन खो गया है.	सिग्नल बहुत कमज़ोर है.	अन्य सेवा प्रदाता से पुन: कनेक्शन यदि यदि नेटवर्क मोड स्वचालित है.
नंबर की अनुमति नहीं है	फ़िक्सड डायल नंबर फ़ंक्शन चालू है.	सेटिंग्स मेनू जाँचें और फ़ंक्शन को बंद करें.

Chola MS
GENERAL INSURANCE

LG
Life's Good

CHOLAMANDALAM MS GENERAL INSURANCE CO. LTD.
Delhi Regional Office Plot no. 6, First Floor,Opp.
HP Petrol Pump, Near Metro Pillar No. 81
Pusa Road, Delhi - 110005

TO

DATE...../...../.....

CHOLAMANDALAM MS GENERAL
INSURANCE CO. LTD.
Delhi Regional Office Plot no. 6,
First Floor,Opp. HP Petrol Pump,
Near Metro Pillar No. 81 Pusa Road,
Delhi - 110005

Dear Sir,

RE: Loss of mobile phone no.: …….....…….

MAKE …….....…MODEL …….....…….....

This is to inform that my mobile phone has been lost due to theft on …….....…..at…….....….....…FIR/DD entry has been lodged with ..... Police Station. I am enclosing the Claim Form cum Bill along with required documents for settlement of the claims.

Thanking you

Yours Sincerely,

Signature of the Insured

Name

Chola MS
GENERAL INSURANCE

LG
Life's Good

CLAIM FORM CUM CLAIM BILL

To be filled in by the ultimate consumer

Name

Present Address

Tel. No.

Make & Model of the Handset

Invoice No. Date of Purchase

Dealer Name

Address

Tel. No.

IMEI No.

Date of Theft Time

Place of Theft

Details of Theft

FIR No./DD No. Date

Police Station

Amount Claimed

Block the SIM Card within 3 days YES ☐ NO ☐

DATE

PLACE SIGNATURE OF CUSTOMER

TERMS AND CONDITIONS:

POLICY COVERAGE

1. Theft coverage of LG GSM HANDSET for one year from the date of purchase/invoice only. No other loss covered.
2. Offer applicable on all purchases made from **April 7, 2011 to April 6, 2012.** under Policy No. **PBG-00030389-000-00. Dated 07/04/11**
3. Only theft registered under section 379 IPC or theft reported under Daily Dairy with Police FIR is covered.
4. Reimbursement will be subject to following depreciation/ deduction on the invoice value from date of purchase:

Handset upto 3 months old	-10%
More than 3 months upto 6 months	-15%
More than 6 months upto 9 months	-25%
More than 9 months upto 12 months	-35%

Chola MS
GENERAL INSURANCE

LG
Life's Good

CLAIM PROCESSING DOCUMENTS

In the event of handset loss, the buyer should follow the understated procedure:

a) (i) Lodge FIR under Section 379 IPC or theft to be entered in Daily Dairy with the Police Station in whose jurisdiction the theft occurred within 24 hours of occurrence of the same.

(ii) Block the SIM Card with your service provider within 3 days.

(iii) Send information to the insurance company within 7 days of the loss.

b) Documents required:

(i) Original Invoice & Cash Memo.

(ii) Original certified copy of DD/FIR u/s 379 by the police authority.

(iii) Translation of vernacular documents in English/Hindi.

(iv) Complete claim Form cum Bill and Discharge Voucher.

These documents should be sent to the Policy Issuing Office within 7 days of the loss by regd. post/courier. All document to be submitted in English/Hindi language. The company reserves the right to call for any other necessary document in addition to the documents listed above.

Subject to all the conditions being fulfilled, claim will be settled within 15 days of our receipt of the above documents.

Deduction of Rs. 350/- will be applicable towards accessories.

Chola MS
GENERAL INSURANCE

LG
Life's Good

Note: In case the handset cost is more than Rs. 20,000/-, a survey is required. Contact nearest office of Cholamandalam MS General Insurance Co. Ltd. for survey.

For any future queries assistance related to the policy exclusion and claim settlement you may write to Cholamandalam MS General Insurance Co. Ltd. **Delhi Regional Office Plot no. 6, First Floor,Opp. HP Petrol Pump, Near Metro Pillar No. 81 Pusa Road, Delhi - 110005**

Tel: +91-11-39813100, Fax: +91-11-39813110

e-mail id : customercare@cholams.murugappa.com

DISCHARGE VOUCHER

Received from Cholamandalam MS General Insurance Co. Ltd. under Policy No……..... in full and final discharge of our claim, the sum of …..……..…..... (in words) Rs.…….....

Signature of Insured /Customer Affix Re.1 revenue stamp across revenue stamp

Date:

Place:

Customer Information Center

For any query related to the after sales service and customer support please contact us at below details

LG 24 × 7 CALL CENTER

CALL 1800-180-9999 (Toll Free)

SMS 5757554 (Send SMS)

CLICK www.lg.com serviceindia@lge.com

Memo

Memo

Memo

Memo

Memo

Memo

Memo